रेलमंत्री खुद अवार्ड देने पहुंचे छात्र को....???

Rajasthan Patrika | Jul 05, 2022

==

गांधीनगर. **केन्द्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव** मंगलवार को गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में स्टार्टअप कांफ्रेंस में भाग लेने आए थे। कांफ्रेस के बाद वैष्णव गांधीनगर स्थित **भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई)** में समारोह में भाग लेने पहुंचे थे, जहां वैष्णव ने दिव्यांग को सम्मान कैसे दिया जाता है उन्होंने उसकी मिसाल पेश की। निशक्त के लिए एक ट्राई साइकिल बनाने वाले एक स्टूडेंट को सम्मानित करना था लेकिन वह ऑडिटोरियम में सबसे पीछे बैठा था और रेल मंत्री तक पहुंच कर सम्मान लेने में विलम्ब हो सकता था तभी वहां मौजूद एक गणमान्य व्यक्ति ने कहा कि यह अवार्ड किसी दूसरे को दे दिया जाए तो रेलवे मंत्री ने ऐसे करने से इनकार करते हुए कहा कि उस निशक्त छात्र के हाथ में सम्मान देंगे। बाद में जहां छात्र बैठा था खुद रेल मंत्री मंच से उतर छात्र तक पहुंचे और उसे सम्मान प्रदान किया। रेल मंत्री वैष्णव की इस सादगी से तालियों की गडग़ड़ाहट से सभागार गूंज उठा।

https://www.patrika.com/news-bulletin/railway-minister-student-award-start-up-7635036/